आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 20.04.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- चारधाम यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं को स्वच्छ और शुद्ध भोजन उपलब्ध कराया जाएगा, खाने में तेल, नमक और चीनी के कम प्रयोग के लिये होटल और खाद्य कारोबारियों को किया जा रहा है जागरूक।
- देहरादून में आयोजित रोजगार मेले में पॉलीटेक्टिनक संस्थानों के ग्यारह सौ से अधिक छात्रों को नौकरियां मिलीं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आम लोगों की समस्यांए सुनीं, अधिकारियों को जल्द समाधान करने के दिये निर्देश।
- पौड़ी शहर में अतिक्रमण की समस्या को गंभीरता से नहीं लेने पर उपजिलाधिकारी व नगर पालिका के कार्यपालक अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

स्वच्छ और संतुलित भोजन

चारधाम यात्रा मार्ग पर इस बार तीर्थयात्रियों को स्वच्छ और शुद्ध भोजन मिलेगा। होटल और ढाबा संचालक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के अनुसार भोजन में तेल, नमक और चीनी का प्रयोग कम करेंगे। साथ ही, एकल उपयोग प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने और पर्यावरण संरक्षण के लिए तीर्थयात्रियों को भी जागरूक किया जाएगा।

खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने हरित चारधाम यात्रा थीम पर होटल और खाद्य कारोबारियों के साथ संवाद और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। विभाग के आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि इन कार्यक्रमों में होटल संचालकों से तेल, नमक और चीनी का उपयोग सीमित करने की अपील की जा रही है, जिससे मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित श्रद्धालुओं को राहत मिल सके। इसके साथ ही, खाना पकाने में इस्तेमाल हुए तेल को बायोफ्यूल के लिए उपलब्ध कराने को कहा गया है।

सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे पानी की बोतल और रैपर के उपयोग को भी हतोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिये अब तक ऋषिकेश, श्रीनगर और रुद्रप्रयाग में प्रशिक्षण कार्यक्रम हो चुके हैं और उत्तरकाशी, चंबा व हरिद्वार जैसे स्थानों पर जल्द ही कार्यक्रम होंगे। स्थानीय खाद्य उत्पादों और मिलेट्स को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया जा रहा है।

## रोजगार मेला

प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा गढ़वाल मंडल के 39 राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थाओं के छात्रों के लिए देहरादून स्थित राजकीय महिला पॉलीटेक्निक सुद्धोवाला, में रोजगार मेला आयोजित किया गया।

रोजगार मेले में 77 कंपनियों ने हिस्सा लिया और इस दौरान ग्यारह सौ से अधिक छात्रों को नौकरियां मिलीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो संदेश के माध्यम से युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्रेरित करते हुए शत–प्रतिशत प्लेसमेंट का लक्ष्य निर्धारित किया।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने इस दौरान युवाओं को स्वरोजगार और स्टार्टअप के लिए प्रेरित किया।

गौरतलब है कि तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा लैब उन्नयन, ऑन–जॉब ट्रेनिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, डाटा साइंस जैसे कोर्सों को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। नई पाठ्यचर्या सत्र 2025–26 से लागू होगी।

## समीक्षा

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को इजा बोई योजना सहित अन्य योजनाओं के व्यापक प्रचार–प्रसार के निर्देश दिए। साथ ही, डायबिटीज और हाइपरटेंशन मरीजों की जानकारी उपलब्ध कराने और जन औषधि केन्द्रों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में जननी सुरक्षा योजना के तहत लगभग पांच हजार, इजा बोई योजना में साढे बारह सौ, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में 85 हजार से अधिक और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम में 97 लोगों को लाभ मिला। जिले में 22 एम्बुलेंस के माध्यम से लगभग साढे चार हजार मरीजों को सेवाएं दी गईं, जबकि कर्णप्रयाग डायलिसिस सेंटर में प्रति माह 15 मरीजों का डायलिसिस किया जा रहा है।

इजा बोई योजना के तहत, प्रसव के बाद 48 घंटे अस्पताल में ठहरने पर गर्भवती महिलाओं को दो हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

शिक्षा विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने गोपेश्वर के एक स्कूल को मॉडल के रूप में विकसित कर उसमें किचन गार्डन तैयार करने और टीचर लर्निंग मटीरियल की गाइडलाइन साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने खेल और लैब उपकरणों की खरीद को केंद्रीकृत करने को भी कहा।

## पेयजल समीक्षा

ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट को लेकर पौड़ी के जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने एनआईसी कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कंट्रोल रूम में दर्ज पेयजल शिकायतों की पुष्टि, शिकायतकर्ताओं से कराने और समय पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जहां पानी की किल्लत की संभावना है, वहां समय से टैंकरों के जरिए आपूर्ति की जाए। जल लाइन लीक होने की स्थिति में तत्काल मरम्मत और रिपोर्टिंग के लिए ग्राम पंचायत व राजस्व विभाग को भी जिम्मेदारी सौंपी गई।

बुडोली गांव में अनियमित जल आपूर्ति की शिकायतों पर गंभीर रुख अपनाते हुए जल निगम श्रीनगर को जांच के निर्देश दिए गए। 10 दिन में शिकायतों का समाधान न करने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की चेतावनी दी गई है।

जल जीवन मिशन की समीक्षा में कार्यों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कोटद्वार और पौड़ी के संबंधित विभागों पर नाराजगी जताई और तेजी लाने को कहा।

<u>जन समस्या समाधान</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

जनता ने बिजली, पानी, सड़क, अतिक्रमण, भूमि विवाद, आर्थिक सहायता सहित अन्य समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री ने सभी मामलों पर संवेदनशीलता से कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा।

श्री धामी ने कहा कि जन सेवा को राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुये अधिकारियों को सभी समस्याओं के समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए।

<u>गुड गवर्नेंस</u>

पौड़ी के जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने गुड गवर्नेंस से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने–अपने विभागों के कार्यों का संचालन प्रभावी और जवाबदेह तरीके से करें।

जिलाधिकारी ने पौड़ी शहर में अतिक्रमण की समस्या को गंभीरता से नहीं लेने पर उपजिलाधिकारी व नगर पालिका, पौड़ी के कार्यपालक अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने निर्देश दिए कि अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग, पी०एम०जी०एस०वाई और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे 15 दिनों के भीतर जिले की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करें। शहरी स्वच्छता पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने नगर निकाय के अधिकारियों को नालियों की साफ–सफाई नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने पशुपालन विभाग को जिले की सभी गौशालाओं का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपने–अपने कार्यालयों में बायोमेट्रिक प्रणाली लागू करने के निर्देश भी दिए हैं।

<u>संवाददाता सम्मेलन</u>

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि मीडिया के लिए विषयवस्तु तैयार करने वाले लोगों और उनकी अर्थव्यवस्था में आमूलचूल बदलाव हो रहा है।

वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) से पहले श्री वैष्णव ने नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रौद्योगिकी के साथ पुराना मॉडल नए मॉडल को रास्ता दे रहा है और नए अवसरों के साथ–साथ चुनौतियां भी पेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि वेब्स विश्व स्तर पर विषय वस्तु तैयार करने वालों, खरीददारों और बाजार के लिए एक सम्पर्क के रूप में उभर रहा है।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग ने देहरादून, टिहरी, पौड़ी, चम्पावत और नैनीताल में आज कहीं–कहीं आंधी और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा, राज्य के अन्य जिलों में कुछ स्थानों पर 30 से चालीस किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवांए चलने की संभावना भी जताई गई है। मौसम विभाग का मानना है कि आज प्रदेश के अनेक हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश भी हो सकती है। हालांकि कल से अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ रहने का अनुमान है।

विभाग के अनुसार, बारिश के कारण अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की उम्मीद है, हालांकि इसके बाद तापमान में वृद्धि का अनुमान है।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर..

उत्तराखंड बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी होने की खबर आज सभी समाचार पत्रों ने सुर्खियों में है... हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है – उत्तराखंड बोर्ड का रिजल्ट जारी, हाईस्कूल में 90.77 और इंटर में 83.23 प्रतिशत छात्र–छात्राएं पास।

प्राथमिक शिक्षकों के खाली पदों पर भर्ती के दिए निर्देश... अमर उजाला इस शीर्षक के साथ लिखता है कि शिक्षा मंत्री ने कहा– जिस जिले में खाली पद होंगे पहले उसी में होगी भर्ती।

एक अन्य ख़बर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले दैनिक जागरण लिखता है – उत्तराखंड में बनेंगे पांच नए फायर स्टेशन... अग्निकांड की घटनाओं से निपटने के लिए होंगे मददगार।

उत्तराखंड में ओलावृष्टि, बारिश और अंधड़ का अलर्ट... हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है कि 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी।